
## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# 3 हजार पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया होगी शुरू

**लोकार्पण**

## सीएम ने किया अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, उत्तराखण्ड के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

■अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का भवन बनने से आयोग में कार्यों में तेजी आयेगीः मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को रायपुर, देहरादून में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, उत्तराखण्ड के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का भवन बनने से आयोग में कार्यों में तेजी आयेगी। उन्होंने कहा कि मार्च 2017 से अब तक लगभग तीन वर्षों में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 59 परीक्षाएं आयोजित की गई हैं, जिसमें 6000 पदों पर चयन प्रक्रिया पूर्ण की गई है।

इस चयन वर्ष में 2500 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई है, 03 हजार पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन



आयोग अन्य राज्यों के अधीनस्थ सेवा चयन आयोगों से तेजी से कार्य कर रहा है। कोविड–19 की वजह से भर्ती प्रक्रियाओं में थोड़ा विलम्ब हुआ है। कोविड की स्थिति सामान्य होने पर भर्ती प्रक्रियाओं में तेजी लाई जायेगी। यह वर्ष रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। आयोग को भर्ती प्रक्रियाओं में और तेजी लाने को कहा गया है।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष एस. राजू ने कहा कि आयोग का गठन 2014 में हुआ। आयोग के गठन से इसका कार्यालय, राज्य निर्वाचन आयोग के अतिथि गृह के भवन में संचालित हो रहा था। यह नवनिर्मित भवन 4.92 करोड़ की लागत से बना है।

अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग वन टाईम रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्रारम्भ की है। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र एवं अभिलेख सत्यापन तथा अन्य आवश्यकता होने पर पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर एसएमएस भेजने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मितव्ययता के दृष्टिगत समान अहर्ता वाले विभिन्न पदों को क्लब कर परीक्षाएं आयोजित कराई गई हैं।

राज्य सरकार द्वारा आयोग को ऑनलाइन परीक्षाएं कराये जाने की भी अनुमति दी गई है। ऑनलाईन परीक्षाएं कराने वाला आयोग, राज्य की पहली परीक्षा संस्था होगी। इसी वर्ष से ऑनलाईन परीक्षाएं प्रारम्भ किया जाना भी प्रस्तावित है। परीक्षाओं में शुचिता व पारदर्शिता लाने के लिए ओएमआर शीट 03 प्रतियों में दिया जा रहा है। जिसमें एक प्रति मूल्यांकन मूल्यांकन, एक प्रति कोषागार में संरक्षित रखने एवं एक प्रति अभ्यर्थियों को घर ले जाने के लिए है। परीक्षा केन्द्रों में कन्ट्रोल रूम की वीडियोग्राफी की जा रही है। सभी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति ली जा रही है।

टंकण एवं आशुलिपि परीक्षाओं के लिए प्रमाणिक सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। टंकण परीक्षा समाप्त होते ही तत्काल अभ्यर्थी को परिणाम की जानकारी हो जाती है।

## न्यूज डायरी

### मौसम का रौर्द रूप आवाजाही में डाल रहा है खलल

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत तहसील मुंसयारी मोटर मार्ग के कैथी बैड पर देर रात से भारी बारिश का कहर जारी है। बता दें कि सीमांत में रात भर हो रही बारिश के चलते रोड बंद होने के साथ क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई रूक गई है। जानकारी के मुताबिक चामी से लेकर मुसयारी के कैथी बैड तक स्थिति बड़ी भयावह होती जा रही है। सीमांत के लोग जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने को मजबूर हो रहे है। सीमांत में अब मौसम के रौर्द रूप ने राहत बचाव कार्य में खलल डालना शुरू कर दिया है। बता दें कि सीमांत में अब हेलीकॉप्टर से राहत बचाव कार्य बंद होने के समाचार मिले है। जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन बंद पडे है। बंद सड़कों के कारण जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने को मजबूर हो रहे है।

### कोविड 19 नियमों के उलघन को लेकर थाना मोरी पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**संवाददाता** पुरोला। कोरोना वैश्विक महामारी कोविड 19 का उलघन करनें के मामले में मोरी पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उप जिलाधिकारी सोहन सिंह सैने ने बताया कि मोरी के खरसाडी निवासी मोहन सिंह पुत्र भजन सिंह मोरी सतलुज की जेपी कंपनी में काम करता है। कंपनी के कई लोगों के कोरोना पाजिटिव होने की रिपोर्ट पर उक्त व्यक्ति को भी सैंपलिंग कर खरसाडी गांव उसके घर पर ही कोरेंटाईन किया गया था। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने कोविड नियमों का उलघन कर गांव व मंदिर में घुमता रहा व कईयों के संपर्क में भी आया। उक्त के खिलाफ कोविड नियमों का उलघन करनें की धाराओं 269, 270 आईपीसी व 51–बी आपदा प्रबंधन के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने स्पोर्टी न्यू फॉरच्यूनर टीआरडी लिमिटेड एडिशन पेश किया

**संवाददाता** देहरादून। फॉरच्यूनर किसी परिचय का मोहताज नहीं है और इस प्रतिष्ठित गाड़ी की सफलता पर खुशी मनाने के लिए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज भारतीय बाजार में स्पोर्टी न्यू फॉरच्यूनर टीआरडी के लिमिटेड एडिशन की पेशकश की। टीकेएम ने टोयोटा रेसिंग डेवलपमेंट (टीआरडी) की विरासत को आगे बढ़ाया है ताकि फॉरच्यूनर टीआरडी में स्पोर्टी आकर्षण लाया जा सके। लिमिटेड एडिशन की यह फॉरच्यूनर 4 इंटू 2 और 4 इंटू 4 4दोनों ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन (डीजल) रूपांतरों में उपलब्ध है। इसका डुअल टोन स्टाइलिश एक्सटीरियर है, शानदार डुअल टोन डैशबोर्ड और मजबूत चारकोल ब्लैक आर18 टीआरडी अलॉय व्हील।

## ठडियार मातृ शिशु कल्याण केंद्र पर तीन साल से लटके हैं ताले

**संवाददाता** पुरोला। मां व शिशु के स्वास्थ्य व कल्याण को लेकर भले ही स्वास्थ्य महकमा बड़े दावे कर ले किंतु दराज क्षेत्र में आज भी प्रसव पीड़ित महिलाओं, जच्चा व बच्चा को टीकाकरण को 12–18 किमी दूर स्वास्थ्य केंद्रों में ले जाना पड़ता है। जगह–जगह न्याय पंचायत स्तर पर जच्चा–बच्चा टीकाकरण व देखभाल को बने मातृ शिशु कल्याण केंद्रों पर लटके ताले,चारों तरफ उगी झाडियां,वर्षो से खाली पड़े एएनएम के पद स्वास्थ्य महकमें व सरकार की मंशा को उजागर करनें को काफी है।

ऐसा ही एक मातृ शिशु कल्याण केंद्र उतरकाशी के सीमांत क्षेत्र मोरी ठडियार का है,जो दो दशक पूर्व ठडियार न्याय के भंकवाड, कुकरेडा, ठडियार,अगोती बेगल, भुटोत्रा, बिंद्री.व बिजोती समेत आधा दर्जन गांव के जच्चा–बच्चा की देखभाल व टीकाकरण को बनाया गया

*टीकाकरण व महिलाओं को स्वास्थ्य परामर्श को दूसरे क्षेत्र की एएनएम की उक्त गांव में सप्ताह में एक दिन कैंप लगानें की व्यवस्था की गई है,एएनएम नियुक्तियां होने पर जल्दी ही व्यवस्था ठीक हो जायेगी।*

–डा. फराज अहमद, प्रभारी चिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरी।

था। गजब तो तब हो गया जब तीन वर्ष पूर्व एएनएम के स्थानांतरण के बाद नई नियुक्ति नहीं हुई।

आजतक ठडियार मातृ शिशुकल्याण केंद्र पर ताले लटके पड़े है तथा क्षेत्र की प्रसव पीड़ित,गभृवती महिलाओं,जच्चा बच्चा के टीकाकरण व शिशु व मां के स्वास्थ्य परामर्श अथवा प्रसव करानें 12 किमी दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्यूणी ,14 किमी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरी या 46 किमी दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरोला ले जाना पड़ता है।




### गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा ने संगत को बांटा आयुष काढ़ा

**संवाददाता** देहरादून। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, आढ़त बाजार ने कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण से बचाव के लिए आयुष मत्रालय द्वारा डॉ. पंकज कुमार बच्चास के सहयोग से आयुष काढ़ा के 100 पैकट संगत को वितरित किये। इस अवसर पर प्रातः नितनेम एवं अरदास के पश्चात महासचिव सेवा सिंह मठारू ने मंच का संचालन करते हुए कहा कि कोरोना वायरस के कारण सरकार की गाइड लाइन का पालन करना है। हाथ को सैनिटाइज करना है और सोशल डिस्टेंस बना के रखना है मॉस्क लगा के रखना जरूरी है।

## मुख्यमंत्री का आपदा प्रभावित क्षेत्रों में न आना दुर्भाग्यपूर्ण

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। जिलें के होटल में पत्रकारों से वार्ता के दौरान धारचूला से कांग्रेस पार्टी के विधायक हरीश धामी ने कहा कि सीमांत तहसील धारचमला व मुसयारी के गांवों में पिछले दो सप्ताह के भीतर आई भीषण प्राकृतिक आपदा के चलते तल्ला जौहार से लेकर मुंसयारी,धारचूला और व्यास चौदास व दारमा घाटियों में अभी भी माहौल बेहद खराब बने हुए है।

बता दें कि ऐसे हालातों में विस्थापन के लिए सूचीबद्व गांवों को जल्द विस्थापन करने व पीड़ित परिवारों के सदस्यों को आर्थिक मदद दने और क्षेत्र में

**समस्याओं का निपटारा न हुआ तो कलक्ट्रेट में करेंगे उपवास**

क्षतिग्रस्त हुए मार्गो, सडकों व पेयजल लाइनों ,बिजली योजनाओं को शीघ्र पुननिर्माण करने की जरूरत है। अब तक उनके गृह क्षेत्र में मुख्यमंत्री के न आने से खासी नाराजगी जाहिर की है।

पत्रकार वार्ता मे धामी ने बताया कि उनके क्षेत्र में आई भीषण आपदा से सीमांत के गावों मे मानवीय क्षति होने के साथ गांवों के प्रभावितों की जमीन व जानवर और रोजी रोटी के संसाधन चौपट हो चुके है। मदकोट मुंसयारी मार्ग क`अब तक न खुल पाने के कारण गांवों के ग्रमीण घरों में ही कैद होने को मजबूर है। गांवों के आंतरिक मार्ग पूरी तरह से बंद होने से उनके गांवों में जरूरी सामानों की किल्लत बढ़ती जा रही है। धामी ने अपने क्षेत्र के पीड़ित ग्रमीणों की इन समस्याओं को उठाते हुए डीएम के माध्यम से राज्यपाल व मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। विधायक धामी ने मुख्यमंत्री से तत्काल सूचीबद्व गांवों को विस्थापित करने व प्रभावितों को मुआवजा और जिस परिवार में घर चलाने वाले की मौत हुई है उस परिवार के सदस्य को रोजगार दिलाने की मांग की है। धामी ने जिलाअधिकारी को भी पत्र सौपकर बंद पडे मार्गो को खोलने की मांग की है। वही शीघ्र समस्या का समाधान न होने पर जिला कलक्ट्रेट में क्षेत्रवासियों को साथ उपवास करने की चेतावनी दी है।

### राज्य आन्दोलनकारी डा. मदन मोहन सुन्दरियाल के निधन पर शोक जताया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी मंच ने वरिष्ठ राज्य आन्दोलनकारियों डा. मदन मोहन सुन्दरियाल के निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप कुकरेती ने बताया कि वरिष्ठ राज्य आन्दोलनकारी नंदन सिंह रावत (53) व सरोजनी देवी (74 वर्ष) सरोजनी देवी के पिता भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे। राज्य आन्दोलनकारी मंच द्वारा दोनों के निधन पर दुःख जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप कुकरेती ने कहा कि नंदन सिंह रावत कोरोना से पीड़ित थे जबकि सरोजनी देवी काफी दिनों से बीमार चल रही थी। उन्होने कहा कि जिन आन्दोलनकारियों की बदौलत हमें यह राज्य मिला वह अब धीरे–धीरे व्योवृद्ध होने के कारणः अब दुनिया छोड़ रहे है। उन्होंने कहा कि नंदन सिंह रावत ा अंतिम संस्कार आज नई दिल्ली बोध गया घाट पर हुआ, जबकि सरोजनी देवी का अंतिम संस्कार हरिद्वार मैँ हुआ।